नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक ने विधिवत रूप से कार्यभार संभाला

# अपराध, नशा और रंगदारी पर सख्त कार्रवाई होगी : अशोक

■ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम. रवि किरण को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल मंडल कार्यालय में मंगलवार को एक ओर निवर्तमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम. रवि किरण को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं दूसरी ओर नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया।

डॉ. एम. रवि किरण का तबादला एंटी करप्शन ब्यूरो पंचकूला होने के बाद उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यभार संभालने के बाद अशोक कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर अपराध और नशे के नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी। अवैध हथियारों और फायरिंग जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।



### ये रहे मौजूद

अशोक कुमार ने स्पष्ट कहा कि मंडल में किसी भी प्रकार की रंगदारी और जबरन वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। व्यापारियों, उद्योगपतियों और आम जनता को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना पुलिस की जिम्मेदारी है। इसके बाद उन्होंने मंडल कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक करनाल नरेंद्र बिजारनिया, कुलदीप सिंह कटारिया, कर्मबीर रंगा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## नवनियुक्त आईजी अशोक चौहान का संस्था पदाधिकारियों ने किया स्वागत

### आईजी बोले, अपराध और नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

■ क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था ने शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में नव नियुक्त आईजी अशोक चौहान का क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था की ओर से उनके कार्यालय पहुंचकर सम्मान किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर लाठर ने कहा कि अशोक चौहान एक अनुभवी और कर्मठ अधिकारी हैं। उनके करनाल आगमन से पुलिस प्रशासन को नई ऊर्जा मिलेगी। समाज और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंसिपल निर्मल दहिया ने कहा कि समाज में शांति, सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान को मजबूत करने में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि अशोक चौहान के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को और मजबूती मिलेगी।



### सहयोग की अपील

आईजी अशोक चौहान ने संस्था पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन जनता के सहयोग से ही बेहतर कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा अपराध और नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी वर्गों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष विकास कल्याण, सचिव राजेश लाठर, मनजीत, मोहन टामक, परमिंदर रोडवंशी, पिरथी बोदला, बलजीत सरपंच, राजेश चोपड़ा, रिंकू चौधरी, शीशपाल लाठर, विशाल सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के पास को लेकर खूनी संघर्ष

**करनाल।** घरौंडा में सोमवार देर रात एक धार्मिक कार्यक्रम के पास वितरण को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। मशहूर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की 'शिव महापुराण कथा' के वीआईपी पास बांटने को लेकर भड़की इस बहस ने देखते ही देखते बड़े झगड़े का रूप ले लिया। दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें 4 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस हिंसक झड़प को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नई अनाज मंडी में दुकान चलाने वाले अनुराग मित्तल का कहना है कि उनके चचेरे भाई अंकुश के साथ रोहित नामक युवक ने गाली-गलौज की। इसके कुछ देर बाद रोहित अपने साथियों के साथ उनकी दुकान में घुस आया। अनुराग का आरोप है कि हमलावरों को दुकान में रखी कथा की दान राशि (कैश) के बारे में पता था। वे दुकान से करीब 6 लाख नगद लूटकर ले गए। इस हमले में अनुराग और अंकुश घायल हुए हैं, जिन्हें करनाल के सरकारी अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं, कार्यक्रम में सेवादार के रूप में काम कर रहे रोहित गुप्ता ने लूट के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। रोहित का आरोप है कि कार्यक्रम के आयोजक अपने करीबियों को वीआईपी पास बांट रहे थे और अलग-अलग दिनों के लिए अलग पास जारी किए जा रहे थे, जिससे लोगों में असंतोष था। जब उन्होंने

लाठियां चली, 4 लोग घायल, 6 लाख की लूट का लगाया आरोप

नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य करने पर डीटीपी टीम ने की कार्रवाई

## असंध में दो अवैध गोदामों पर छापेमारी, किए सील



■ पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को असंध क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अवैध गोदामों को सील कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई।

जानकारी के अनुसार जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने सबसे पहले सबवन रोड स्थित एक अवैध गोदाम पर कार्रवाई की। विभाग ने जांच के बाद इसे नियमों के विरुद्ध पाया और मौके पर ही सील कर दिया। इसके बाद रत्तक रोड पर बने दूसरे अवैध गोदाम के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया गया। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने सहित सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों और नियमों की अनदेखी कर निर्माण करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

### आमजन से अपील

जिला नगर योजनाकार विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी या बिना मंजूरी वाले प्रोजेक्ट में निवेश करने से पहले पूरी जानकारी जरूर प्राप्त करें। लोगों को केवल वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदने की सलाह दी गई है। साथ ही प्रॉपर्टी डीलरों से भी नियमों के अनुसार लाइसेंस लेकर ही कॉलोनी विकसित करने को कहा गया है, ताकि भविष्य में आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## अंडर-14 और अंडर-20 आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने फेंसिंग में दिखाया दम

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कर्ण स्टेडियम में जिला फेंसिंग एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय फेंसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-20 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।जिला खेल अधिकारी सत्यवीर और एसोसिएशन सचिव विकास यादव की मौजूदगी में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कोच राजकुमार, पवन कुमार और राकेश चौहान ने मुकाबलों का संचालन किया, जबकि दलीप कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी राजेश वैद्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल भावना और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में अंडर-14 एपी बॉयज वर्ग में आदित्य प्रथम और हाशित द्वितीय रहे। अंडर-14 एपी गर्ल्स वर्ग में श्रेया प्रथम, कांची द्वितीय तथा भाविका और लैशिता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।




कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे

## 77 दिव्यांग छात्रों को वितरित किए गए 119 सहायक उपकरण

**करनाल।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चों के सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया। आयोजन डीपीसी धर्मपाल चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य महेंद्र सिंह और एपीसी पवन ने मुख्य अतिथि एसडीएम देवेंद्र शर्मा एवं डीपीसी धर्मपाल चौधरी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कैंप के नोडल अधिकारी एपीसी पवन ने बताया कि 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित 77 बच्चों को 119 सहायक उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत 13 व्हीलचेयर, 17 श्रवण यंत्र, एक बैसाखी, सात ट्राइसाइकिल, तीन स्मार्ट केन, तीन सीपी चेयर, दो ब्रेल किट, मंदबुद्धि बच्चों के लिए 43 टीएलएम किट, नौ रॉलेटर सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए।

सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन

## योग दिवस की तैयारियां तेज, 364 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

■ योग से स्वस्थ शिक्षक और ऊर्जावान छात्र तैयार होंगे : डॉ. अमित पुंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक संजीव वर्मा के मार्गदर्शन और उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया और एसडीएम देवेंद्र शर्मा की देखरेख में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि जिले के छह ब्लॉकों असंध, घरौंडा, निसिंग, इंद्री, नीलोखेड़ी और करनाल में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शिक्षा विभाग के 240 पीटीआई और डीपीई, आयुष विभाग के 108 अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित कुल 364 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अटल पार्क में आयोजित शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने वैदिक प्रार्थना के साथ सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। पीटीआई, डीपीई और शिक्षकों को योग से जोड़ना दूरदर्शी कदम है, क्योंकि स्वस्थ शिक्षक ही ऊर्जावान छात्रों का निर्माण कर सकता है। योग से छात्रों की एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है। पढ़ाई और परीक्षा के तनाव को कम करने में ध्यान बेहद लाभकारी है।





इंद्री। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में सम्मानित छात्राओं के साथ उपायुक्त व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## एचपीवी वैक्सीन लगवा चुकी 18 छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में एचपीवी वैक्सीन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने एचपीवी वैक्सीन लगवा चुकी 18 छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिला वासियों, विशेषकर अभिभावकों और छात्राओं से सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चियां देश का भविष्य है और देश के भविष्य को सुरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए सभी पात्र लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। यह वैक्सीन बच्चियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक बीमा के समान है। करनाल जिला इस मुहिम में पूरे प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

उपायुक्त ने स्वयं डॉक्टर होने के नाते इस विषय की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक जानलेवा बीमारी है और उन्होंने स्वयं ऐसे मरीजों की पीड़ा और उनके परिवारों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह वैक्सीन पूरी तरह मुफ्त लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बीमारी की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने निजी खर्च पर अपने बच्चों का टीकाकरण कराया था।

### साइड इफेक्ट नहीं

उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। अब तक जिला में करीब 6500 बच्चियां यह टीका लगवा चुकी हैं। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने अपील की कि वे न केवल स्वयं इस मुहिम का हिस्सा बनें, बल्कि अपने आस-पास के अन्य पात्र बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें।जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में 18 बच्चियों ने यह वैक्सीन लगवा ली है। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## सामाजिक अंकेक्षण से बढ़ेगी पारदर्शिता और जवाबदेही

■ ग्राम सभाओं में सार्वजनिक होगी विकास कार्यों की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/करनाल

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में 27 अप्रैल से 26 मई तक सामाजिक अंकेक्षण विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को मजबूत बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को सामाजिक अंकेक्षण की व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है, ताकि वे योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति को समझ सकें और ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सकें।

संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 14 मई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं की टीमों को विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण कार्य के लिए भेजा गया है। इनमें बारणा (थानेसर), सा (पिहोवा), खेड़ी शीशग्रान (पिहोवा), गुढ़ा (लाडवा) तथा कलसाना (शाहाबाद) पंचायतें शामिल हैं।

प्रशिक्षुओं ने गांवों में पहुंचकर योजनाओं से संबंधित रिकॉर्ड का सत्यापन, मौके का निरीक्षण तथा लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया।



### ग्राम सभाएं होंगी

उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के तहत मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा नेशनल सोशल असिस्टेंस स्कीम जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की जांच की जा रही है। प्रशिक्षुओं ने योजनाओं से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन करने के साथ-साथ यह भी जांचा कि धरातल पर योजनाओं के तहत किए गए कार्य वास्तव में पूरे हुए हैं या नहीं। इसके अलावा ग्रामीणों और लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के लाभ और क्रियान्वयन की गुणवत्ता संबंधी जानकारी भी जुटाई गई। डॉ. चौहान ने बताया कि 20 मई को संबंधित ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सामाजिक अंकेक्षण की रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत की जाएगी।

## रक्तदान महादान, युवाओं को मानव सेवा से जुड़ना चाहिए : उपायुक्त

**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने रिबन काटकर किया। दोपहर एक बजे तक 35 युवाओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि रक्त की कमी और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने युवाओं से बातचीत करते हुए कहा कि युवा शक्ति को रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़कर मानव कल्याण के कार्यों में योगदान देना चाहिए ताकि रक्त की कमी के कारण किसी की जान न जाए। यदि युवा धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे तो वे नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रहेंगे। अंत में उपायुक्त ने रक्तदाताओं को बैज और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल, कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी, लेखा लिपिक प्रदीप नंदा, प्रोजेक्ट मैनेजर परमिला, काउंसलर दर्शना सिंह, लेखाकार सपना पाल, अंजू, कुसुम, कॉर्डिनेटर रीना, फर्स्ट एड लेक्चरर नरेश पाल, श्वेता धीमान मौजूद रहे।



आयोजन | गोकर्ण कथा से भक्तिमय हुआ लीलावती धाम

श्रद्धालुओं को करवाया सनातन संस्कृति के महत्व के बारे में अवगत

## राधे-राधे व जय श्रीकृष्ण के जयघोष से माहौल हुआ भक्तिमय, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कथा स्थल रुक्मिणी विहार में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण राधे-राधे व जय श्रीकृष्ण के जयघोष से भक्तिमय हो उठा।

यह कथा वृंदावन स्थित लीलावती धाम के भव्य शुभारंभ अवसर पर श्रीराम राईस ग्रुप तरावड़ी की ओर से करवाई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सुप्रसिद्ध कथाव्यास परम पूज्य श्री विवेक महाराज का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कथाव्यास परम पूज्य श्री विवेक जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोकर्ण जी की कथा हमें जीवन में भक्ति, सद्कर्म और सत्संग के महत्व का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गोकर्ण ने अपने भाई धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया था। सात दिनों तक चली इस कथा को सुनकर धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति हुई।



तरावड़ी। श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### ईश्वर भक्ति में लीन रहें

आचार्य ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त कर सकता है। आचार्य विवेक ने आगे कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव धर्म के मार्ग पर चलते हुए ईश्वर भक्ति में लीन रहना चाहिए। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु गोकर्ण कथा को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उद्योगपति लाला साधुराम सिंगला, रविंद्र सिंगला, प्रमोद सिंगला, विजय सिंगला, संजय सिंगला, राकेश सिंगला, महेश सिंगला, गौरव गर्ग, देवेंद्र सिंगला, साहिल सिंगला, रजत सिंगला, मदन सचदेवा, नीरज, दीपक, अभिषेक, भव्य, सुशील कुमार, भूपेंद्र, प्रेमचंद, बालकृष्ण त्रिपाठी, पंडित आचार्य शुभम शास्त्री, सविता सिंगला, सुनीता, सीमा सिंगला, मीनू, गीतिका सिंगला, पलक सिंगला, सोनिया सिंगला, आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार आमजन की कमर तोड़ने में लगी

**पानीपत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ.ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि देश की जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, लेकिन भाजपा सरकार लगातार आमजन की कमर तोड़ने में लगी हुई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर 90 पैसे की बढ़ोतरी कर दी गई है। पिछले मात्र 4 दिनों में लगभग 4 रुपये तक दाम बढ़ाकर सरकार ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा हमला किया है।

### पुलिस ने इसराना के सरपंच को किया काबू

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना ग्राम पंचायत की पंचायती भूमि पर खड़े कीकर और शीशम के पेड़ों को बगैर अनुमति के अवैध रूप से काटने मामले में दूसरे आरोपी इसराना निवासी राजेश को सीआईए श्री पुलिस ने रविवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी राजेश वर्तमान में इसराना ग्राम पंचायत का सरपंच है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि अवैध रूप से पेड काटने मामले में ग्राम पंचायत इसराना के सरपंच राजेश और ठेकेदार जितेंद्र के थाना इसराना में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी इसराना की शिकायत पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत केस दर्ज है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को किया जागरूक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने मंगलवार को चुलकाना गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया।

### वकील को पीटने वाले दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के माडल टाउन क्षेत्र में एडवोकेट हेमंत पुत्र रणबीर सिंह निवासी आदर्श नगर का रास्ता रोककर मारपीट करने और पिस्टल दिखाकर धमकी देने मामले में थाना माडल टाउन पुलिस ने दो आरोपियों जाटल रोड पीपल वाली गली निवासी दोहन और बड़ी पहाड किला निवासी अंकुर को गिरफ्तार किया है। थानेदार जगमिंद्र ने बताया कि थाना माडल टाउन में आदर्श नगर निवासी हेमंत पुत्र रणबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### आईटीआई में दाखिले जून के प्रथम सप्ताह से

**पानीपत।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा पंचकूला के निर्देश अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई बराना पानीपत में सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया जून के प्रथम सप्ताह से शुरू होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विभिन्न इंजीनियरिंग एवं गैर इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट पर स्वीकार किए जाएंगे।

### पानीपत में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**पानीपत।** पानीपत में कांग्रेस ग्रामीण व शहरी द्वारा बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि, बेरोजगारी, नीट पेपर लीक, एचपीएससी में युवाओं के साथ हो रहे अन्याय एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बुधवार को जिला सचिवालय पर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व रोष मार्च का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी रमेश मलिक, जिलाध्यक्ष पानीपत ग्रामीण ने दी।

### विद्यार्थियों ने टैलेंट शो में दिखाया दम

**पानीपत।** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य टैलेंट शो का आयोजन किया गया। नृत्य में मुस्कान, वादन में अमन प्रथम, सृष्टि और भारती द्वितीय, डेजी और वैशाली नृत्य में तीसरे स्थान पर रहे। चित्रकार में ऋषभ रावल राजश्री प्रथम, सक्षम और सोन द्वितीय, शिवांशु और इशू तृतीय स्थान पर रहे।

---

पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया

# जल संरक्षण, पर्यावरण घना करने को जागरूकता रैली निकाली

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आस्था गुप्ता ने कहा कि हमें प्रकृति के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत की एनएसएस इकाई द्वारा को मिशन लाइफ के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पूर्व अभियान गतिविधियों के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने "सेव वाटर, सेव लाइफ" तथा "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि कॉलेज की एनएसएस इकाइयां प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण अभियान तथा प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के उपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आस्था गुप्ता ने कहा कि हमें प्रकृति के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। हमें प्रकृति से प्रेम करना चाहिए तथा उसके प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।



**पानीपत।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकालते आर्य कॉलेज के टीचर्स एंड स्टूडेंट्स। *फोटो: हरिभूमि*

#### वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही

*एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा ढुढेजा ने बताया कि यह रैली विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ की पूर्व अभियान गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित की गई। डॉ. मनीषा ने बताया कि 15 मई से 5 जून तक पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, प्राध्यापक पंकज चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। ऐसे कार्यक्रम प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।*

---

# मानसून से पहले पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त होगी: डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला सचिवालय सभागार में आज उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नालों की सफाई और तालाबों की खुदाई कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि मानसून नजदीक है। ऐसे में जलभराव जैसी समस्याओं से बचने के लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में बारिश के दौरान पानी जमा नहीं होना चाहिए। नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा तालाबों की खुदाई और सफाई कार्य समय रहते पूरा किया जाए।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी व एसपी।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

बैठक में निगम आयुक्त डॉ.पंकज, एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार,एसडीएम इसराना नवदीप नैन, नगराधीश टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीईओ राकेश बूरा, बीडीपीओ शक्ति सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता साबित पन्नू, कृषि विभाग से एसडीओ डॉ.राधे श्याम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुसाइड नहीं, हादसा था दंपति की मौत

पानीपत। इसराना थाना पुलिस ने पानीपत के सिवाह नहर पुल के पास सोमवार सुबह पति मुरालीलाल व इतनी पत्नी कमलेश निवासी असंध जिला करनाल के नहर में बहने के मामले को हादसा करार दिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि कमलेश पूजा के लिए नहर पर आई थी। पूजा करते हुए कमलेश का पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गई, पत्नी को बचान के लिए मुरालीलाल भी नहर में कूदा गया, लेकिन जीवनसाथी को बचा नहीं पाया। कमलेश का शव सोनीपत में गांव खूबडू में नहर पर बनी झाल से बरामद हो गया, जबकि मुरालीलाल का पानीपत में तलाश जारी है। थानेदार इसराना हरिराम ने बताया कि मुरालीलाल की तलाश के लिए गोताखोरी की टीम लगी है। वहीं कमलेश की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# दिव्यांग बच्चों ने देखी मूवी



हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जियो गीता महिला मंडल एवं श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग मूक बधिर बच्चों के लिए धार्मिक मूवी शो का आयोजन किया गया। स्थानीय पीवीआर सिनेमा में आयोजित इस शो के दौरान बच्चों को श्री कृष्ण अवतारम फिल्म दिखाई गई। बच्चों के चेहरों की चमक और अनोखी खुशी को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं भगवान श्री कृष्ण उनकी मुस्कान और आँखों में बस गए हों। इस अवसर पर बच्चों के लिए केवल सिनेमा की ही व्यवस्था नहीं थी, बल्कि जियो गीता परिवार की ओर से उन्हें सुरुचिपूर्ण भोजन और स्नैक्स भी परोसे गए।

---

# दान को अपनी आदत बनाएं नागरिक

- श्री सनातन धर्म मंदिर में पुरुषोत्तम मास मलमास कथा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर सभा परिसर में ज्येष्ठ माह का तीसरा बड़ा मंगलवार और पावन पुरुषोत्तम मास मलमास कथा का तीसरा दिन बेहद हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। तीसरे बड़े मंगलवार के उपलक्ष्य में संकटमोचन हनुमान जी का विशेष और अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुबह से ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ और जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। मंदिर सभा द्वारा बजरंगबली को छप्पन भोग अर्पित किया गया और महाआरती के बाद प्रसाद का आयोजन किया गयाए जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने सभी सहयोगियों व श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया।


**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर में देवता पूजन करते हुए श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

#### भजनों पर श्रद्धालु झूमने को हुए मजबूर

कथा व्यास पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने तीसरे दिन की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास में किए गए दान, तप और कथा श्रवण का फल अनंत गुना मिलता है। उन्होंने कथा के दौरान समझाया कि इस पवित्र महीने में मनुष्य को अपने अहंकार का त्याग कर भगवान विष्णु और कृष्ण की भक्ति में लीन होना चाहिए। कथा के बीच.बीच में भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए।

---

# आज का युग तकनीक और रिसर्च का: डॉ.शक्ति

- पाइट में नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस पर हरियाणा-दिल्ली के स्कूलों से 150 टीमें पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का उपयोग तभी सार्थक है, जब नवाचार समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे ऐसी तकनीकों पर काम करें, जो आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करें। यह बात एमिल फार्मास्युटिकल इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉ.अनिल कुमार शर्मा ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पाइट में नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस के अवसर पर विज्ञान, तकनीक और नवाचार को समर्पित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों की 150 से अधिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, एक्सटेम्पोर और साइंस प्रोजेक्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि एवं एचएससीएसआइटी पंचकूला के विज्ञानी डॉ.राहुल तनेजा ने कहा कि किसी भी नए विचार की वास्तविक शक्ति तब बढ़ती है, जब उसे पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क के माध्यम से कानूनी सुरक्षा मिलती है। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि आज का युग तकनीक और रिसर्च का है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.प्रवीण गोयल, डॉ.शक्ति अरोड़ा एवं डॉ.गौरव अग्रवाल रहे। चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन रिसर्च एंड इनोवेशन सेल डॉ.देवेंद्र मोहन ने भी विचार व्यक्त किए।



**समालखा।** पाइट में नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस पर अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

---

# साइलेंट डिजीज है ऑस्टियोपोरोसिस

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

**द किडनी हॉस्पिटल में बीएमडी जांच शिविर लगाया**

द किडनी हॉस्पिटल, हुडा सेक्टर-18 में मंगलवार को निःशुल्क हड्डी घनत्व जांच (बीएमडी) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीषा मान कादयान के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी हड्डियों की मजबूती की जांच करवाई। कमर दर्द, गर्दन दर्द, कमजोर पकड़, बार-बार फ्रैक्चर और झुके हुए कंधों जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को विशेष परामर्श दिया गया। डॉ. मनीषा मान कादयान ने बताया कि ऑस्टियोपोरोसिस एक साइलेंट बीमारी है और समय पर बीएमडी जांच करवाने से गंभीर फ्रैक्चर से बचा जा सकता है। वहीं, उन्होंने कहा कि कहा कि ऑस्टियोपोरोसिस धीरे-धीरे हड्डियों को खोखला करता है। महिलाएं मेनोपॉज के बाद विशेष ध्यान दें।


**पानीपत।** द किडनी हॉस्पिटल में बीएमडी जांच शिविर में महिला की जांच करते मेडिकल स्टाफ।

### भाविप ने मेडिकल कैंप लगाया

**पानीपत।** भारत विकास परिषद लव .कुश शाखा द्वारा नूरवाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों की आंखों की जांच मुख्य चिकित्सक डा.आशीष सहगल एवं टीम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय संयोजक पर्यावरण अमृत चौधरी, अध्यक्ष अंजना गुप्ता, सेवा संयोजिका सिम्मी कपूर, प्राचार्या मधु बाला शास्त्री द्वारा किया गया। कोषाध्यक्ष मुकेश , शाखा सदस्य शालू, रेनु बाला,ज्योति, खुशी, श्याम सुंदर, नवीन कपूर, पवन गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### हड़ताल का समर्थन किया

**पानीपत।** हरियाणा में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के मांगों का अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य हरियाणा द्वारा समर्थन का ऐलान किया गया। वहीं, यूनियन के राज्य अध्यक्ष जगमाल सिंह और राज्य महासचिव राजेंद्र ने संयुक्त रूप से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का ना केवल स्वच्छ भारत सुंदर भारत के निमार्ण में अहम भूमिका है।

---

# वीएसपी ट्रस्ट ने 23 गांवों के टीबी रोगी गोद लिए

- बीमारी को हराने के लिए नियमित जांच और समय पर पौष्टिक आहार लेना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

वीएसपी चैरिटेबल ट्रस्ट की टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बड़ी पहल करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांव उझा व उग्राखेडी के तहत आने 23 गांवों के सभी टीबी रोगियों को लिया गोद लेते हुए पौष्टिक आहार भेंट किए। वहीं, समाज सेवक पालाराम जिनका जन्मस्थान गांव छाजपुर है ने महेन्द्र वशिष्ठ ने उपस्थित सभी रोगियों को दवाई के साथ-साथ प्रोटीन युक्त डाइट लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीमारी को हराने के लिए नियमित जांच और समय पर पौष्टिक आहार लेना अनिवार्य है।


**पानीपत।** वीएसपी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार भेंट करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण, डॉ. आकाश जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लाभ सिंह, गुरुदत्त पीपीएम कॉर्डिनेटर शिव कुमार सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर नरेश कुमार सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे। जबकि ट्रस्ट की ओर से कपिश, मांगे राम, दीपक, सुनील, रिंकू और प्रमोद सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

# बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया



**पानीपत।** प्रजापति (कुम्हार) महासभा की वार्षिक जनरल बॉडी की बैठक शहीद भगत सिंह स्मारक में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सत्यवान प्रजापति काबडी प्रधान ने की। वहीं मंच संचालन महासभा के महासचिव महावीर बावलिया ने किया। बैठक में कोषाध्यक्ष रामनिवास प्रजापति ने वर्ष 2025-26 की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसका बैठक में उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से स्वागत किया। बैठक में महासचिव महावीर सिंह बावलिया ने समाज हित में 10वीं व 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। वहीं रक्तदान शिविर लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आने वाले मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण करने का निर्णय लिया। बैठक में प्रधान सत्यवान प्रजापति, महासचिव महावीर बावरिया, कोषाध्यक्ष रामनिवास, उपप्रधान आदेश कुमार, सहसचिव रणधीर रोधिया ,बलजीत सिंह ,रामशरण, सत्यप्रकाश, कृष्ण मास्टर, विनोद कुमार के अतिरिक्त पूर्व प्रधान गोपी राम, सूरत सिंह बावलिया, अंकुर बापौली व धर्मपाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

संगोष्ठी | पत्रकारिता एक निर्भिक जीवनशैली : राजेश

# देश की तरक्की में पत्रकारिता का महत्वपूर्ण रोल: मेयर सैनी

- आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर आर्य कॉलेज में पत्रकार संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व विश्व संवाद केंद्र हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति नरेंद्र चौहान ने की। वहीं मुख्य अतिथि महापौर पानीपत कोमल सैनी रही। विशिष्ट अतिथि राजेश चौधरी उपनिदेशक अभियोजन, मुख्य वक्ता विक्रांत सह प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे। मुख्य अतिथि एवं महापौर कोमल सैनी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकारिता की जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। देश की तरक्की में पत्रकारिता का महत्वपूर्ण रोल है। सकात्मक पत्रकारिता राष्ट्र और समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाती हैं। समाज सर्वोपरि है सदैव अपनेपन की भावना को रखते हुए पत्रकारिता करनी चाहिए। नकारात्मक पत्रकारिता समाज पर गलत प्रभाव छोड़ती हैं, ऐसे में इससे बचाव करना अनिवार्य है। पत्रकारिता में सच्चाई और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि राजेश चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता एक निर्भिक जीवनशैली है। निर्भीकता से समाज उपर उठेगा और अभय बनेगा। पत्रकार समाज को भटकाव से बचाता है, सभी को कर्तव्यनिष्ठ बनाने में पत्रकारिता का बड़ा योगदान होता है। पत्रकारों के लिए भी कानून की जानकारी अनिवार्य है।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज में पत्रकार संगोष्ठी का दीप जला कर शुभारंभ करते अतिथिगण।

#### अतिउत्साह पत्रकारिता के लिए घातक साबित हो रही

आर्य कॉलेज जनसंचार विभागाध्यक्ष डा. दिनेश गाहल्याण आदि ने वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता के समक्ष अपनी चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। सहायक जनसंपर्क अधिकारी दीपक शर्मा ने कहा कि अतिउत्साह पत्रकारिता के लिए घातक साबित हो रही है। सभी तथ्यों को बारीकी से जांच कर ही पाठकों को परोसा जाना चाहिए। पत्रकार संगोष्ठी कार्यक्रम में पानीपत जिला के सभी प्रमुख पत्रकार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी, आर्य कॉलेज मैनेजमेंट से पीयूष आर्य व बलकार, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष केदार दत्त तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील बस्ताड़ा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

### पानीपत प्रशासन ग्रीन जोन में

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को सीएम विंडो हरियाणा के अंतर्गत लंबित विभिन्न विभागों की शिकायतों की समीक्षा को लेकर पानीपत के डीसी डॉ. वीरेंद्र के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। , डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री को जिले की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में लगातार सुधार किया जा रहा है। जिला अब ग्रीन जोन में पहुंच चुका है और जिले का स्कोर बढ़कर 70.04 हो गया है। डीसी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में इस स्कोर में और अधिक सुधार किया जाएगा शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

### टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अंबाला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे पूरे स्कूल परिसर में उत्सव और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस शानदार सफलता पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रशासन ने परीक्षा में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया।

### चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**अंबाला।** विशेष अभियान के दौरान छावनी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रेजिमेंट चौकी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब के लुधियाना से बाइक चोरी कर उस पर हरियाणा का नंबर लगाकर अंबाला में घूम रहा था। आरोपी की पहचान विवेक उर्फ गोलू, निवासी डेहा कॉलोनी के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक सुखबीर सिंह की टीम नाकाबंदी पर तैनात थी। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका।

### 13 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**अंबाला।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने नशीले पदार्थो की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 13 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन मामले में आरोपी को इंदिरा पार्क नजदीक गंदा नाला छावनी से काबू किया है। एएनसी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर एक्टिवा सवार आरोपी गुलशन सोनकर उर्फ शुभम को काबू किया।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान अपराधियों पर लगातार कडा शिंकजा कस रही है। इसी कड़ी में 18 मई 2026 को सीआईए-2 टीम ने कार्रवाई करते हुए दुराना मोड़ मोहड़ा अंबाला छावनी के पास रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा करके गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में सलिप्त तीन और आरोपियों को भी काबू किया गया है।

### धमकी देने के मामले में पांच गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कालाअंब क्षेत्र प्राईवेट स्कूल में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सलिप्त पांच आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले में महिला ने 18 मई 2026 को शिकायत दी थी कि कालाअंब स्थित स्कूल में आरोपियों ने उससे व स्कूल स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को काबू किया।

## जनगणना कार्य में लापरवाही, नौ पर हो केस, नोटिस के बावजूद ड्यूटी पर नहीं आए कर्मचारी

- नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी की ओर से पुलिस को भेजा गया लेटर, कई कर्मचारी निजी स्कूल के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय महत्व के जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद ड्यूटी पर न लौटने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अब केस दर्ज करवाने की तैयारी हो रही है।। नगर परिषद अंबाला सदर के कार्यकारी अधिकारी सह चार्ज ऑफिसर ने अंबाला सदर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर 9 प्रगणकों के खिलाफ जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत केस दर्ज करने की सिफारिश की है। पुलिस ने सिफारिश के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल ये कर्मचारी बार-बार नोटिस के बाद भी काम शुरू नहीं कर रहे हैं। इन सभी कर्मचारियों को जनगणना और मकान सूचीकरण के काम को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन बार-बार हिदायत देने, समीक्षा बैठकों में समझाने और कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद भी इन्होंने न तो काम शुरू किया और न ही अपनी ड्यूटी की रिपोर्ट दी। प्रशासन का मानना है कि इन कर्मचारियों की इस जानबूझकर की गई लापरवाही और अवज्ञा के कारण राष्ट्रीय महत्व के वैधानिक कार्य में बाधा आ रही है और देरी हो रही है । इसे जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन मानते हुए इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

### ड्यूटी में लापरवाही पर प्रशासन का सख्त रुख

नगर परिषद द्वारा पुलिस को सौंपी गई सूची में सरकारी और निजी स्कूलों सहित अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। इसमें सीबीएस स्कूल में कार्यरत शिक्षक नीरज यादव, कॉन्वेंट जीसस एंड मेरी स्कूल की शिक्षिका अंजना लाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामपुर-सरसेहड़ी के अभिषेक शर्मा, डीएवी पब्लिक स्कूल रिवरसाइड की प्रीति मल्होत्रा, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस विभाग के विजय कुमार, सेवा समिति लिटिल एंजेल कॉन्वेंट स्कूल की सतपाल कौर, सिख वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगीता, सेवा समिति लिटिल एंजेल कॉन्वेंट स्कूल की मीनू और एल्पाइन पब्लिक स्कूल की नेहा शामिल है। जनगणना कार्य की संवेदनशीलता और इसके समयबद्ध होने के कारण इस मामले को बेहद जरूरी श्रेणी में रखा गया है। चार्ज ऑफिसर ने संबंधित प्रगणकों के नियुक्ति आदेश, निर्देश पत्रों और कारण बताओ नोटिस की कॉपियां भी पुलिस को सौंप दी हैं ताकि जल्द से जल्द केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके । इस कार्रवाई की प्रतिलिपि निदेशक जनगणना चंडीगढ़, प्रधान जनगणना अधिकारी सह उपायुक्त , उपमंडल जनगणना अधिकारी और जिला को-ऑर्डिनेटर को भी आवश्यक सूचना हेतु भेज दी गई है। प्रशासन के इस कड़े रुख से ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने बताया कि जनगणना ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 9 प्रगणकों के खिलाफ पुलिस को केस दर्ज करने के लिए पत्र लिखा गया है। नोटिस के बाद भी प्रगणकों ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही ड्यूटी की।

### 22 को प्रकाशित होगी मतदाता सूची

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्रता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। 5 जून 2026 से 14 जून 2026 तक तैयारियां, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा। सभी मतदाता बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर घर बांटे गए ईनुमरेशन फॉर्म को 14 जुलाई 2026 से पूर्व बूथ लेवल अधिकारी को हस्ताक्षर करके वापिस जमा करवाए जाएंगे । इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन कार्य 14 जुलाई 2026 तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की अवधि 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। दावों एवं आपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया 21 जुलाई 2026 से 18 सितंबर 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन अवश्य करवाएं।


### पिलर लगाने को लेकर विवाद खूनी संघर्ष में बदला

# कालपी फ्लाईओवर पर गोलियों की गूंज, जमीन विवाद ने लिया खूनी मोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

नेशनल हाईवे-344 स्थित कालपी फ्लाईओवर मंगलवार सुबह उस समय गोलियों की आवाज से दहल उठा, जब खेतों मे पिलर लगाने का विवाद कुछ ही सेकेंड में खूनी संघर्ष में बदल गया और आरोपी युवक ने गांव मुलाना निवासी 55 वर्षीय गुरमीत सिंह पर दो गोलियां दाग दी । जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल गुरमीत सिंह उर्फ रिम्पी गिल को अस्पताल ले जाया गया जहां उस का उपचार जारी है।वहीं सूचना मिलने पर पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई में जुट गई।सीन आफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौके से दो खोल बरामद किए है।घटना की सूचना मिलते ही बराड़ा डीएसपी भी मौके पर पहुंचे।

इस मामले में घायल गुरमीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव हमीदपुर के पास बनी एक कॉलोनी में उनके परिवार के करीब 16 प्लॉट हैं। जिनकी रसीद और इंतकाल हमारे नाम है। इन प्लॉटों को लेकर गांव कालपी निवासी रणबीर और उसके बेटे अमन के साथ लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। आरोप है कि आरोपी पक्ष जबरन प्लॉटों पर खेती कर रहा था और पहले भी कई बार उन्हें धमकियां दे चुका था। गुरमीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले भी रणबीर उनके पास आया था और कहा था कि "इस बार फसल बो लेने दो, हम झगड़ा नहीं करना चाहते।" लेकिन इसके बावजूद तनाव खत्म नहीं हुआ। इतना ही नहीं, आरोप है कि रणबीर ने पहले भी अपने बेटे अमन के जरिए उन्हें धमकियां दिलवाई थीं और कहा था कि अगर प्लॉट छुड़वाने की कोशिश की गई तो अंजाम बुरा होगा।



सीसीटीवी फुटेज में गोली चलाता दिखाई देता युवक।



**मुलाना।** मौके पर डीएसपी बराडा.कार्रवाई करते हुए।

#### ये है मामला

मंगलवार सुबह गुरमीत सिंह अपने प्लॉटों की निशानदेही करवाने पहुंचे थे। निशानदेही के बाद वह फ्लाईओवर के पास खड़े होकर पिलर लगने का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान अमन निवासी कालपी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा। आते ही उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। शिकायत कर्ता के अनुसार उसने गुरमीत सिंह को धमकी देते हुए कहा कि "आज तुझे जिंदा नहीं छोड़ूंगा।" इसके बाद उसने कमर से पिस्तौल निकाली और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लेबर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घायल के अनुसार गोली नोटों की गड्डी को चीरती हुई उनकी टांग में जा लगी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत एमएम अस्पताल मुलाना ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

#### पुलिस ने पिता पुत्र पर किया केस दर्ज

सूचना मिलते ही मुलाना थाना पुलिस और सीआईए टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से दो खाली खोल बरामद किए हैं। थाना मुलाना पुलिस ने आरोपी अमन और उसके पिता रणबीर निवासी कालपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी और आर्म्स एक्ट के तहत किया मामला दर्ज। घटना स्थल के पास स्थित एक फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई। फुटेज में आरोपी अमन मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दे रहा है। पहला फायर गर्दन में लगा, जबकि दूसरा उनकी टांग पर लगा। बताया जा रहा है कि जेब में रखे नोटों के कारण दूसरी गोली का असर कुछ कम हो गया। गोली लगने के बाद गुरमीत सिंह घायल अवस्था में हाईवे की ओर भागे और अपने भतीजे को फोन किया।

#### आरोपी पर पहले भी केस दर्ज

आरोपी अमन पर पहले भी संगीन धाराओं में पहले भी मामले दर्ज है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार आरोपी अमन के खिलाफ पहले भी मुलाना थाना में कई मामले दर्ज हैं। 30 अप्रैल 2024 को प्रशोतम शर्मा निवासी ब्राह्मण माजरा की शिकायत पर आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज हुआ था। आरोप था कि लोहे की रॉड, गंडासी और डंडों से हमला किया गया था।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी

डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक ने बताया की मामले में पुलिस, सीआईए टीम सहित चार टीमें कार्रवाई कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किया जाएगा।

## आहिस्ता कीजै बातें, धड़कनें कोई सुन रहा होगा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** गजलकारों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।

गुदगुदी जंक्शन समूह शाखा द्वारा सेंट्रल फिनिक्स क्लब में सांय भव्य गजल कार्यक्रम 'नवाजिश' आयोजित किया गया। मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ.संजय गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम की मेजबानी वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार थापर ने की जिसमें बड़ी संख्या में गजलों के शौकीन शामिल हुए। कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ साहा के उद्योगपति प्रवीण शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करके किया जबकि अधिवक्ता मान सिंह काकरान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच पर सरस्वती वंदना उपरांत समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा लगातार 6 वर्षों से विभिन्न नगरों में करवाए जा रहे सामाजिक, धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का विवरण दिया। मंच पर 11 गजलकारों ने गज़ल सम्राट स्व. पंकज उधास की दिलकश गजलों का गुलदस्ता पेश किया जिनमें अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने 'और आहिस्ता कीजै बातें...', कार्यक्रम मेजबान विजय कुमार थापर ने 'चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल...', सुरेंद्र धीमान ने 'जिए तो जिए कैसे बिन आपके...', इंद्र परुथी ने 'अ ग़मे जिंदगी कुछ तो दे मशवरा...', इंद्र शर्मा ने 'हुई महंगी बहुत ही शराब के थोड़ी थोड़ी पिया करो...' आदि ने गजलकारों की पेशकश पर चार चांद लगा दिए।

### श्रीमद्भगवद गीता सिखाती है जीने की कला

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि गीता गोपाल संस्था समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रही है। ऐसी संस्था हर शहर गांव मे होनी चाहिए। गीता गोपाल संस्था जनता की समस्याओं को समझकर और लोगों की कठिनाईयों को दूर करने का पूरा प्रयास कर रही है। विज जगाधरी रोड पर गीता गोपाल चौक के पुर्ननिर्माण कार्य के अनावरण के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गीता गोपाल संस्था द्वारा जनहित के लिए उपलब्ध करवाई गई दो एम्बुलेंस को भी जनता को समर्पित किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर गीता गोपाल संस्था के पदाधिकारियों व भाजपा के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने पुष्पपुछ देकर उनका भव्य अभिनन्दन किया। विज ने कहा कि हमारे नगर में बहुत सारी संस्थाए हैं। बहुत कुछ काम भी करती है लेकिन मुझे गीता गोपाल संस्था द्वारा जो कार्य किए जा रहे है उससे आनंद की अनुभूति होती है। यहां पर आकर मुझे काफी खुशी मिलती है। गीता गोपाल संस्था धर्म का प्रचार युवा लोगों में कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भभगवद गीता हमें जीने की कला सिखाती हैं। श्रीमद्भगवद गीता में कठिनाईयों को कैसे पार किया जा सकता है उसकी कला सिखाई जाती है। गीता में जीवन को सफलतापूर्वक निभाने की कला है। उन्होंने कहा कि हमारे जो शास्त्र है उसमें सनातन धर्म, ज्ञान, सभ्यता और जो हमारा भाईचारा है उसका वर्णन हैं।

## बैठकों में विकास के दावे, जमीन पर जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते विभागों के अधिकारी।

लघु सचिवालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विकास कार्यों और योजनाओं की लंबी-चौड़ी रिपोर्टें पेश कीं, लेकिन क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं और अधूरे कार्यों पर कोई ठोस जवाब सामने नहीं आया। बैठक में सिंचाई विभाग, बिजली निगम, पीडब्ल्यूडी, कृषि विपणन बोर्ड, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायत राज विभाग और नगरपालिका के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचाने और विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। हालांकि सवाल यह है कि ऐसे निर्देश हर बैठक में दिए जाते हैं फिर भी क्षेत्र में पेयजल संकट, खराब सड़कें, बिजली कटौती और अधूरे निर्माण कार्यों की शिकायतें लगातार क्यों बनी हुई हैं? बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को जल्द समाधान के आदेश दिए गए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अब तक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चल रहे कई विकास कार्य महीनों से धीमी गति का शिकार हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की बात कही, लेकिन बैठक में जनता की शिकायतों और जमीनी हकीकत पर खुली चर्चा न होना कई सवाल खड़े कर गया।

## गंदे पानी की सप्लाई की हुई जांच, कई जगह खोदे गड्ढे

**मुलाना।** गांव जफरपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा पूरे गांव में हर गली में जाकर लोगों के घर में लगे नलों से आ रही गंदे पानी की शिकायत की जांच की। लोगों द्वारा गंदे पानी की शिकायत की गई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांव में जाकर उन सभी इलाकों का निरीक्षण किया। विभाग के कर्मचारियों द्वारा कई जगहों पर गड्ढे खोदकर लोगों के जल कनेक्शन की जांच की गई। यह निरीक्षण किया गया कि कहीं पाइप लीक तो नहीं कर रहा।इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से जिला केमिस्ट द्वारा गांव से पानी के सैंपल लिए गए। उनकी जांच अंबाला कैंट स्थित विभाग की वॉटर टेस्टिंग लैब में की जा रही है।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी साथ रही। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी घरों में अब पानी पूरी तरह से साफ का रहा है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार अमित खोसला, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप, खंड समन्वयक नरेश पाल, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, लैब असिस्टेंट संदीप वधवा भी मौजूद रहे।

## सीएम विंडो व समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों पर हो त्वरित कार्रवाई

- सीएम ने अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य अधिकारियों को सीएम विंडों पर प्राप्त शिकायतों के निपटान के साथ-साथ समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर स्पष्ट निर्देश दिए। कहा कि जो भी शिकायतें लंबित हैं उनका तीव्रता से समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। इसके साथ-साथ समाधान शिविर के तहत जो शिकायतें आती है उसका भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। यदि किसी शिकायत का समाधान करने में कोई तकनीकी या अन्य कारण है उस बारे में प्रार्थी को अवगत करवाएं। पोर्टल से भी उस शिकायत को डिस्पोज करें। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का नियमों के तहत तीव्रता से समाधान होना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय के तहत एक नोडल अधिकारी भी लगाएं ताकि वह शिकायत की मोनिटरिंग करते हुए उसका समाधान करवाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर में भी जो शिकायतें प्राप्त होती है उनका प्राथमिकता से समाधान होना चाहिए।



## उच्च रक्तचाप पर जन जागरूकता कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, लिवासा द्वारा आज सीपी 67 मॉल में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, लोगों को शीघ्र निदान, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, जीवनशैली में बदलाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवन की थीम पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, साथ ही युवाओं को कम उम्र से ही स्वास्थ्य और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, कार्डियक साइंसेज चेयरमैन डॉ एचके बाली ने कहा, कई लोग जटिलताएं उत्पन्न होने तक उच्च रक्तचाप से अनजान रहते हैं। रक्तचाप की नियमित निगरानी, स्वस्थ जीवनशैली की आदतें और समय पर चिकित्सा परामर्श गंभीर हृदय रोगों के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। जागरूकता और रोकथाम हमारे सबसे मजबूत हथियार हैं। सीईओ अनुराग यादव ने कहा, इस तरह की सामुदायिक जागरूकता पहलों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य लोगों को सही ज्ञान से सशक्त बनाना और निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है जो स्वस्थ समुदायों के निर्माण में मदद कर सकती हैं।

### स्टूडेंट्स ने पौधरोपण कर दिया पेड़ बचाने का संदेश

**बराड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे "मिशन लाइफ" अभियान के अंतर्गत संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में इको क्लब एवं एनएसएस सैल के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को प्रकृति संरक्षण का संदेश देना रहा। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब कॉर्डिनेटर डॉ. ऋतु चांदना एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

### अपराध पर लगाम, 613 वाहनों के किए चालान

## बिना पेट्रन तथा नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कसा शिकंजा

- अभियान को से सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर लगाए 47 विशेष पुलिस नाके, सामाजिक संस्थाओं का भी रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** वाहन चालक से हेलमेट पहनने का आग्रह करते पुलिस व सामाजिक संस्था के पदाधिकारी।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशों की अनुपालन करते हुए पुलिस ने जिला स्तर पर अपराधियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक बड़ा विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जिले भर में 47 विशेष नाके लगाए गए जिसका मुख्य उद्देश्य बिना नंबर प्लेट और बिना निर्धारित पेटर्न वाली नंबर प्लेटों के साथ सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई करना था।

पुलिस ने जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर 47 नाके लगाकर चेकिंग की। अभियान के दौरान आज कुल 613 वाहनों के चालान किए गए। अपराधियों पर नकेल कसना कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य था। बिना पेट्रन तथा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। डीएसपी जगबीर सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार यह कार्रवाई तेज की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ₹पेटर्न वाली नंबर प्लेट से वाहन चालक की सभी जानकारी आसानी से मिल जाती है जिससे अपराध की स्थिति में अपराधी को पकड़ना सुगम होता है।₹ उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे सरकार द्वारा निर्धारित हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ही लगवाएं। डीएसपी ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर आमजन को यातायात के नियमों बारे जागरूक किया था। पुलिस द्वारा लोगों को समय समय पर यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए कई सामाजिक संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने पुलिस के साथ मिलकर लोगों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। अंबाला पुलिस ने साफ संकेत दिए हैं कि यह विशेष अभियान आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।